Estd. 1987 Reg. No. 74 / Ajmer / 1988-89, Dated 23/12/1988

# राजस्थान गणित परिषद्
# Rajasthan Ganita Parishad

पंजीकृत प्रधान कार्यालय : गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर 305001
Website : www.rgp.co.in PAN : AABAR2546Q Email : rgp@rgp.co.in

## 27 वाँ वार्षिक अधिवेशन दिनांक 05-06 मार्च, 2016
**आयोजक : गणित विभाग, शोभासरिया ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, सीकर ( राज. )**

## प्रतिवेदन

राजस्थान गणित परिषद् का 27 वाँ वार्षिक अधिवेशन एवं ''इंजिनियरिंग तथा तकनीकी में अनुप्रयुक्त गणित'' पर राष्ट्रीय सेमीनार दिनांक 05-06 मार्च 2016 को शोभासरिया इंजिनियरिंग कॉलेज, सीकर (राज.) में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

## कार्यकारिणी की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 05 मार्च 2016 को प्रातः 8.30 बजे अतिथि गृह, शोभासरिया इंजिनियरिंग कॉलेज, सीकर में आयोजित की गई ।

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गए :

1. कार्यकारिणी की दिनांक 24 फरवरी 2015 को सेमिनार हॉल, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में आयोजित बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई ।
2. महा सचिव ने विगत साधारण सभा एवं कार्यकारिणी के निर्णयों की अनुपालना में की गई कार्यवाही (action taken) से अवगत कराया। प्रभारी अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि परस्पर सहमति से न्यायालय में लम्बित वाद समाप्त हो गये हैं। केवल एक शेष वाद भी आगामी दिनांक पर समाप्त हो जाएगा।
3. महा सचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन 2015 को स्वीकार किया गया।
4. कार्य वाहक कोषाध्यक्ष डॉ. वी.सी.जैन, अजमेर ने 1 अप्रेल 2014 से 31 मार्च 2015 तक के CA द्वारा अंकेक्षित लेखे जोखे प्रस्तुत किये तथा 1 अप्रेल 2015 से 01 मार्च 2016 तक की आय व्यय के लेखे भी प्रस्तुत किये जिनका अनुमोदन किया गया।
5. 15 फरवरी 2016 तक प्राप्त नये आजीवन तथा वार्षिक सदस्यों के आवेदन पत्रों पर विचार कर सदस्यता स्वीकार की गई ।
6. प्रो.जी.आर.वर्मा, ***Sponsor Lecture***, परिषद् के वार्षिक अधिवेशन के दौरान आयोजित किया जाये। इस हेतु वार्ताकार को 2000 रू. (दो हजार रूपये) टोकन मानदेय तथा यात्रा भत्ता दिया जाये।

7. विभिन्न ***Sponsor Lectures*** के मानदेय में समानता रखने हेतु ***IMS Sponsor Lecture*** के लिए भी अतिरिक्त 1000 रू. (एक हजार रूपये) परिषद् कोष से दिये जाए।

8. सम्पादक ने शोध जर्नल "**गणित संदेश**" के विगत लम्बित अंकों 2014 तथा 2015 के बारे में शोध पत्र प्राप्त नहीं होना बताया। सदस्यों ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इनके शीघ्रातिशीघ्र प्रकाशन की व्यवस्था करने हेतु कार्यवाही की जावे।

9. **C.M.T.R. :**

**9.1.** वर्ष 2015 में विभिन्न स्वर्ण / रजत पदकों एवं C.M.T.R.परीक्षा में प्रथम 25 स्थान प्राप्तकर्त्ताओं के नामों का अनुमोदन किया गया। किन्तु अभ्यार्थी के प्राप्तांक 36% से कम नहीं हो।

**9.2.** C.M.T.R.परीक्षा 2015 से विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों में बनाये गये समन्वयकों को भी 250 रू. टोकन मानदेय स्वरूप दिये जाये।

**9.3.** C.M.T.R.परीक्षा 2016 हेतु पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन किया जाये।

**9.4.** राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसम्बर 2015 को C.M.T.R. परीक्षा 2015 के सफल आयोजन हेतु संयोजक डॉ. आर.पी. शर्मा, एसोसियेट प्रोफेसर, गणित विभाग, राजकीय इंजिनियरिंग महा विद्यालय, अजमेर तथा सह संयोजक श्री निखिल जैन, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग, राजकीय महिला इंजीनियरिंग महाविद्यालय, अजमेर की प्रशंसा की गई तथा उन्हें "**राष्ट्रीय गणित दिवस, 22 दिसम्बर, 2016**" को C.M.T.R.-16 परीक्षा आयोजित करने हेतु पुन: नियुक्त किया गया।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

**डॉ. वी. सी. जैन, अध्यक्ष** **डॉ. पी. के. मिश्रा, महा सचिव**

## अधिवेशन उद्घाटन समारोह

दिनांक 05 मार्च 2016 को प्रात: 10.30 बजे शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर के सभागार में दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वंदना एवं अतिथियों का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत कर अधिवेशन की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

- **मुख्य अतिथि :** प्रो. एन. पी. कौशिक, कुलपति, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा (राज.)
- **प्रेरक वार्ताकार :** डॉ. ओमप्रकाश, पूर्व निदेशक, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
- **स्वागत भाषण :** डॉ. चेतन खेमराज, प्राचार्य, शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर
- **स्वागत भाषण :** डॉ. सुधीर राठी, संयोजक, NPPC शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर
- **अध्यक्षीय भाषण :** डॉ. वी.सी.जैन, राज. इंजि. कॉलेज, अजमेर, (अध्यक्ष, RGP)
- **वार्षिक प्रतिवेदन :** डॉ. पी. के. मिश्रा, शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर, (महा सचिव, RGP)
- **पदक :** राज्य में गणित की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मान प्रदान करने हेतु वर्ष 2015 की बोर्ड, वि.वि. (स्नातक / स्नातकोत्तर) एवं C.M.T.R. परीक्षा में गणित में उच्चतम अंक प्राप्त कर्त्ताओं को स्वर्ण / रजत पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- **स्मृति चिन्ह :** मंचासीन सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।
- **धन्यवाद :** डॉ. सुशीला शर्मा, रजिस्ट्रार, शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर
- **राष्ट्र गान :** सामूहिक

## व्याख्यान / आमंत्रित वार्ताएँ / परिसंवाद तथा पत्र वाचन आदि
## दिनांक 05-06 मार्च 2016 ( सभागार )

| | | वार्ताकार | अध्यक्षता |
|---|---|---|---|
| 1. | **Sponsor Lectures (*i*) IMS** | प्रो.एल.एम. साहा, नोएडा | डॉ. डी. सी. गोखरू, अजमेर |
| | **(*ii*) Prof. G.R. Verma** | प्रो. असीम मिगलानी, सिरसा | डॉ. वी.सी.जैन, अजमेर |
| 2. | Lecture | प्रो. सी.बी.गुप्ता, पिलानी | प्रो. राजबली, जयपुर |
| 3. | शोध पत्र वाचन - I | | डॉ. आर.पी. शर्मा, अजमेर |
| 4. | परिसंवाद / आमंत्रित वार्ता | प्रो. राजबली, जयपुर | प्रो. सी.बी. गुप्ता, पिलानी |
| 5. | शोध पत्र वाचन - II | | डॉ. बी.एस. सिनसिनवार, बीबीरानी |

## वार्षिक साधारण सभा की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 06 मार्च 2016 को शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर के सभागार में अपरान्ह 2.30 बजे डॉ. वी. सी. जैन की अध्यक्षता में तथा डॉ. पी. के. मिश्रा, महा सचिव के संयोजन में प्रारम्भ हुई।

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गये :

**1.** परिषद् की विगत वार्षिक साधारण सभा दिनांक 24 फरवरी 2015 को RTU, Kota के सभागार में सम्पन्न हुई बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।

**2.** महा सचिव ने वर्ष 2015 में हुई कार्यकारिणी की बैठक में तथा विगत साधारण सभा के निर्णयों की अनुपालना में की गई कार्यवाही (action taken) से अवगत करवाया।

**3.** महा सचिव द्वारा वर्ष 2015 का प्रस्तुत प्रतिवेदन स्वीकार किया गया।

**4.** परिषद् द्वारा वर्ष 2015 में किये गये कार्यो के बारे में अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि :

**4.1.** विश्वविद्यालय, स्नातकोत्तर एवं पॉलिटेक्निक महा विद्यालयों में गणित विषय के अध्यापन हेतु प्राध्यापकों की भारी कमी की पूर्ति हेतु राज्य सरकार का निरन्तर ध्यान आकर्षित किया तथा इनकी नियुक्तियों हेतु बार-बार निवेदन किया गया। अभी भी अनेक पद रिक्त पड़े है जिन्हें भरवाने हेतु प्रयास जारी हैं।

**4.2.** गणित विषय के विकास हेतु स्नातक महा विद्यालयों में गणित की स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारम्भ करने हेतु समय समय पर राज्य सरकार को निवेदन किया गया।

**4.3.** इंजिनियरिंग महा विद्यालयों में गणित के एसोसियेट प्रोफेसर्स एवं वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर्स को शोध कार्य हेतु सुपर वाईजर बनाने की अनुमति प्रदान करने हेतु राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा को निवेदन किया।

**4.4.** कॉलेज शिक्षा आयुक्त तथा तकनीकी शिक्षा सचिव को "राष्ट्रीय गणित दिवस" पर C.M.T.R. परीक्षा के आयोजन में राज्य के महा विद्यालयों को अकादमिक सहयोग प्रदान करवाने हेतु निवेदन किया गया।

**5.** परिषद् का वार्षिक अधिवेशन प्रति वर्ष 31 जनवरी से पूर्व आयोजित करने के पूर्ण प्रयास किये जाए।

**6.** राष्ट्रीय IMS तथा अनेक प्रान्तीय गणितीय समितियों / परिषदों की भांति सक्रिय सेवानिवृत्त सदस्यों की निरन्तर सेवायें प्राप्त करने हेतु उनके चुनाव पर लगे प्रतिबंध को हटाने संबंधी प्रस्ताव पर निर्णय लेने हेतु कार्यकारिणी को अधिकृत किया।

**7.** कार्यकारिणी के पूर्व निर्णय की क्रियान्विति के क्रम में 2014 से शोध जर्नल, **गणित संदेश** को ऑनलाईन करने के संबंध में निम्न समिति गठित की गई। समिति अतिशीघ्र अपना प्रतिवेदन कार्यकारिणी को भिजवायेगी।

1. डॉ. डी.सी. गोखरू  2. डॉ. वी.सी.जैन  3. श्री निखिल जैन  4. संपादक

8. सम्पादक ने गणित संदेश के लंबित अंकों के अतिशीघ्र प्रकाशन हेतु कार्य कारिणी के सदस्यों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे कम से कम एक शोध पत्र भेजे / भिजवा कर सहयोग प्रदान करें।

9. **नई कार्यकारिणी का गठन :**

शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर के सभागार में निर्वाचन अधिकारी की देख रेख में राजस्थान गणित परिषद् के वर्ष 2016 की कार्यकारिणी हेतु घोषित पदों पर निर्वाचन कर परिषद् की नई कार्यकारिणी 2016 निम्न प्रकार गठन किया गया :

**पदाधिकारी :** 1. अध्यक्ष : डॉ.के.सी.शर्मा, राजकीय एम.एस.जे. महाविद्यालय, भरतपुर
2. उपाध्यक्ष : डॉ. रामनरेश सारस्वत, मनीपाल विश्वविद्यालय, जयपुर
3. महा सचिव : डॉ.आर.पी. शर्मा, राजकीय इंजि. महाविद्यालय, अजमेर
4. सम्पादक : डॉ. अनिल गोखरू, SPC राजकीय महाविद्यालय, अजमेर
5. संयुक्त सचिव : श्री रामनिवास मेघवाल, राजकीय महाविद्यालय, सुजानगढ़

**सदस्य गण :**

| **( 3 वर्ष )** | **( 2 वर्ष )** | **( 1 वर्ष )** |
|---|---|---|
| 1. श्री निखिल जैन, अजमेर | 1. डॉ. याश्मीन, कोटा | 1. प्रो. सी.बी.गुप्ता, पिलानी |
| 2. श्री विपिन कुमार, पिलानी | 2. डॉ. कौर सिंह, श्रीगंगानगर | 2. डॉ. ए. के. मलिक, पिलानी |
| 3. श्री हेमन्त कुमार, भरतपुर | 3. श्री लाजपत सिंह, उदयपुर | 3. डॉ. सुनील जोशी, जयपुर |

**गत अध्यक्ष :** डॉ. वी.सी.जैन, अजमेर **गत महा सचिव :** डॉ. पी. के. मिश्रा, सीकर

**नोट :** कोषाध्यक्ष हेतु कोई नामांकन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सदन ने डॉ. वी.सी. जैन अजमेर को और एक वर्ष के लिए कार्यवाहक कोषाध्यक्ष का कार्य सम्पन्न करने हेतु आग्रह किया।

10. नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2016 को पद भार ग्रहण करवाया गया।

इसी के साथ महा सचिव ने सभी का धन्यवाद किया तथा अध्यक्ष ने अधिवेशन की समाप्ति की घोषणा की। आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**डॉ. वी. सी. जैन, अध्यक्ष** **डॉ. पी. के. मिश्रा, महासचिव**

## नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक

राजस्थान गणित परिषद् की नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2016 की बैठक दिनांक 06 मार्च 2016 को शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर के सभागार में अपरान्ह 4.00 बजे आयोजित की गई।

जिसमें सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिए गये :

1. कार्यकारिणी की दिनांक 05 मार्च 2016 को प्रात: 8.30 बजे अतिथिगृह, शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर में बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. 27 वें वार्षिक अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु शोभासरिया इंजि. कॉलेज, सीकर, प्रशासन, संयोजक एवं आयोजकों के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।
3. निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2015 में किये गये कार्यो के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।
4. कार्यकारिणी में डॉ. डी. सी. गोखरू, अजमेर तथा डॉ. बी. एस. सिनसिनवार, बीबीरानी (अलवर) का सहवरण किया गया।

आसन को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**डॉ. के.सी. शर्मा, अध्यक्ष**
राजकीय MSJ महाविद्यालय, भरतपुर

**डॉ. आर.पी. शर्मा, महा सचिव**
राजकीय इंजिनियरिंग महाविद्यालय, अजमेर